लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3490
17 दिसंबर, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

पीएम मित्र पार्कों में विश्व-स्तरीय अवसंरचना

3490. श्री नलिन सोरेन:
श्री प्रदीप कुमार सिंह:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने पीएम मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्र और परिधान (पीएम मित्र) पार्क योजना के अंतर्गत एकीकृत वस्त्र मूल्य श्रृंखला को बढ़ावा देने के लिए कोई कदम उठाए हैं;

(ख) क्या सरकार ने उक्त पार्कों में विश्व-स्तरीय अवसंरचना विकसित करने के लिए किसी परियोजना को स्वीकृति दी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या झारखंड और बिहार की ओर से उक्त पार्क स्थापित करने के संबंध में कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(घ) यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है; और

(ङ) यदि नहीं, तो सरकार का विचार स्वत: संज्ञान लेकर झारखंड और बिहार में उक्त पार्क स्थापित करने का है?

उत्तर
वस्त्र राज्य मंत्री
(श्री पबित्र मार्घेरिटा)

(क) से (ङ): वस्त्र उद्योग की संपूर्ण मूल्य-श्रृंखला के लिए एकीकृत बड़े पैमाने पर और आधुनिक औद्योगिक बुनियादी ढांचा सुविधा विकसित करने के लिए, सरकार ने वर्ष 2021-22 से 2027-28 की अवधि के लिए 4,445 करोड़ रुपये के योजना परिव्यय के साथ ग्रीनफील्ड/ब्राउनफील्ड साइटों में 7 (सात) पीएम मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्र और परिधान (पीएम मित्र) पार्कों की स्थापना को मंजूरी दी है।

बिहार और झारखंड समेत सभी राज्यों से पीएम मित्र पार्क की स्थापना अपने राज्यों में कराने के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करने का अनुरोध किया गया था। इसके उत्तर में, पश्चिम चंपारण बिहार से एक प्रस्ताव सहित 13 राज्य सरकारों से 18 प्रस्ताव प्राप्त हुए। झारखंड सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ।

सरकार ने 7 साइटों अर्थात् पीएम मित्र पार्क स्थापित करने के लिए तमिलनाडु (विरुद्धनगर), तेलंगाना (वारंगल), गुजरात (नवसारी), कर्नाटक (कलबुर्गी), मध्य प्रदेश (धार), उत्तर प्रदेश (लखनऊ) और महाराष्ट्र (अमरावती) को अंतिम रूप दिया है।

****